नई दिल्ली, शनिवार
26 मार्च, 2022
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+10=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सुपरटेक दिवालिया घोषित 3
महंगाई वैश्विक संकट, भारत अछूता नहीं रह सकता : निर्मला सीतारमण 10

निर्माण सामग्री महंगी, रुक सकता है फ्लैटों का काम

क्रेडाई ने कहा, संगठन के सदस्य निर्माण कार्य रोकने की तैयारी में

जागरण संवाददाता, नोएडा: निर्माण सामग्री के बढ़ते दाम ने रियल एस्टेट सेक्टर को दिक्कत में डाल दिया है। ऐसे में तमाम बिल्डर निर्माण कार्य को रोक सकते हैं। इसके संकेत कंफेडरेशन आफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (क्रेडाई) दे दिया है।

संगठन के सभी सदस्य निर्माण कार्य रोकने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी वजह सीमेंट, स्टील सहित सभी कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का होना है। ऐसे में निर्माण लागत करीब 500 रुपये प्रति वर्ग फीट बढ़ गई है।

इस कारण समय से घर बनाकर दे पाना मुश्किल हो गया है। देखा जाए तो नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट में दो लाख फ्लैट हैं, जिनका काम बाकी है। रेरा में सभी प्रोजेक्ट की डेडलाइन तय है, लेकिन क्रेडाई अपने हाथ खड़े कर रही है। जल्द ही रेरा के समक्ष जा सकते हैं।

निर्माण सामग्री की स्थिति

सामग्री	फरवरी	मार्च
सीमेंट	365 रुपए बैग	410 रुपये प्रति बैग
सरिया	50 रुपये प्रति किलो	85 रुपये प्रति किलो
ईंट	5000 रुपये (एक हजार)	6400 रुपये (एक हजार)
तार	65 रुपये प्रति किलो	100 रुपये प्रति किलो
डस्ट	50 रुपये प्रति फीट	40 रुपये प्रति फीट
बदरपुर	55 रुपये प्रति फीट	65 रुपये प्रति फीट

कोरोना ने कई परियोजनाओं को रोक दिया है। स्टील की कीमतें 100 फीसद बढ़ी हैं। अन्य कच्चे माल में भी 30-40 फीसद की वृद्धि देखी गई है। हम समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को वितरित नहीं कर पाएंगे। **–मनोज गौड़**, उपाध्यक्ष, क्रेडाई

कच्चे माल की कीमतें पिछले तीन महीने में उच्च स्तर पर हैं। युद्ध के प्रभाव के कारण स्थिति और खराब हो गई है। इस स्थिति ने डेवलपर्स को निर्माण स्थलों पर काम रोकने के लिए मजबूर किया है। यह एनसीआर रियल एस्टेट मार्केट को भी प्रभावित करेगा। **– दीपक कपूर, निदेशक, गुलशन होम्स**